भारत सीएसआर सस्टेनेबिलिटी अवॉर्ड्स में आईसेक्ट इंडिया को 'एआई लिटरेसी एक्सीलेंस अवॉर्ड'

नप्र, भोपालः आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) शिक्षा और डिजिटल कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए आईसेक्ट इंडिया को भारत सीएसआर सस्टेनेबिलिटी समिट एंड अवॉर्ड्स 2026 में प्रतिष्ठित 'एआई लिटरेसी एक्सीलेंस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान देशभर में एआई साक्षरता को बढ़ावा देने, नवाचार आधारित शिक्षण मॉडल विकसित करने और डिजिटल समावेशन सुनिश्चित करने के प्रयासों के लिए प्रदान किया गया।

आईसेक्ट इंडिया ने अब तक 1.80 लाख से अधिक लोगों को एआई साक्षरता और भविष्य उन्मुख डिजिटल कौशल से प्रशिक्षित किया है।

संस्था का लक्ष्य वर्ष 2030 तक एक करोड़ लोगों को एआई साक्षर बनाना है। इसके लिए विद्यालयों, महाविद्यालयों और ग्रामीण क्षेत्रों तक एआई शिक्षा पहुंचाने के उद्देश्य से 'एआई कौशल रथ' जैसी पहल शुरू की गई है।

देश के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में फैले 65 हजार से अधिक केंद्रों के माध्यम से आईसेक्ट पिछले चार दशकों से शिक्षा, कौशल विकास और डिजिटल समावेशन के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। संस्था ने यूनिसेफ के 'पासपोर्ट टू अर्निंग' कार्यक्रम के तहत 1.25 लाख युवाओं को एआई और डिजिटल कौशल का प्रशिक्षण दिया है। वहीं 'युवा-एआई फॉर ऑल' पहल से 48 हजार विद्यार्थियों को एआई की बुनियादी जानकारी दी गई।

इसके अलावा एचएएल और इंडसइंड बैंक के सहयोग से संचालित कार्यक्रमों के जरिए हजारों युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण मिला है।

यह सम्मान आईसेक्ट के चेयरमैन संतोष चौबे के दूरदर्शी नेतृत्व तथा कार्यकारी उपाध्यक्ष डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में संचालित एआई साक्षरता अभियान की उपलब्धि माना जा रहा है। पुरस्कार संस्था की ओर से महाप्रबंधक अभिषेक गुप्ता और प्रबंधक मुकेश कुमार ने प्राप्त किया।

डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि एआई शिक्षा को हर विद्यार्थी और समुदाय तक पहुंचाना ही संस्था का उद्देश्य है। वहीं अभिषेक गुप्ता ने इसे पूरी टीम, विद्यार्थियों और सहयोगी संस्थाओं के सामूहिक प्रयासों का सम्मान बताते हुए भविष्य में एआई आधारित कौशल विकास को और व्यापक बनाने का संकल्प दोहराया।

रानी कमलापति-अगरतला स्पेशल 23 से एलएचबी कोचों के साथ चलेगी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा एवं यात्रा अनुभव को और बेहतर बनाने की दिशा में पश्चिम मध्य रेल द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। रेलवे प्रशासन ने पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल से संचालित गाड़ी संख्या 01665/01666 रानी कमलापति-अगरतला-रानी कमलापति स्पेशल एक्सप्रेस के परंपरागत आईसीएफ कोचों के स्थान पर चरणबद्ध रूप से अत्याधुनिक एलएचबी कोच लगाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 01665 रानी कमलापति-अगरतला स्पेशल में 23 जुलाई 2026 से तथा गाड़ी संख्या 01666 अगरतला-रानी कमलापति स्पेशल में 26 जुलाई 2026 से एलएचबी रेक के साथ संचालन प्रारंभ होगा।

संशोधित एलएचबी रेक संरचना (23/26 जुलाई 2026 से)- 04 सामान्य (द्वितीय श्रेणी) कोच, 05 एसी-3 टियर कोच, 01 एसी-3 टियर इकोनॉमी कोच, 02 एसी-2 टियर कोच, 08 स्लीपर कोच, 01 गार्ड सह लगेज व ब्रेक वैन एवं 01 जनरेटरकार सहित कुल 22 कोच होंगें।

एलएचबी कोच आधुनिक तकनीक से निर्मित होने के कारण अधिक सुरक्षित, आरामदायक एवं अपेक्षाकृत अधिक बर्थ की संख्या के अनुरूप हैं।

इनमें बेहतर गुणवत्ता, कम कंपन, उन्नत ब्रेकिंग प्रणाली, उच्च सुरक्षा मानक तथा दुर्घटना की स्थिति में अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षा उपलब्ध होती है। साथ ही इन कोचों में यात्रियों को अधिक आरामदायक यात्रा का अनुभव प्राप्त होगा।

सीनियर डीसीएम श्री सौरभ कटारिया ने बताया कि यह निर्णय यात्रियों को आधुनिक, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण रेल यात्रा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भोपाल मंडल से होकर संचालित इस महत्वपूर्ण ट्रेन में एलएचबी कोच लगाए जाने से मध्यप्रदेश सहित पूर्वोत्तर भारत की यात्रा करने वाले यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा।

बैंक ऑफ इंडिया की सैफिया कॉलेज शाखा आधुनिक परिसर में स्थानांतरित

नप्र, भोपालः सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंक ऑफ इंडिया की सैफिया कॉलेज शाखा मंगलवार को नए एवं आधुनिक परिसर में स्थानांतरित हो गई। नए शाखा भवन का उद्घाटन डिप्टी कलेक्टर श्रीमती निधि चौकसे ने किया। इस अवसर पर एफजीएम, एफजीएमओ भोपाल संजय श्रीवास्तव, आंचलिक प्रबंधक विकास रंजन पटनायक, बैंक के अधिकारी, कर्मचारी, ग्राहक, उद्योग एवं व्यापार जगत के प्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

11 जुलाई 2002 में स्थापित सैफिया कॉलेज शाखा पिछले लगभग 24 वर्षों से ग्राहकों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रही है। उद्घाटन समारोह में श्रीमती निधि चौकसे ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया परिसर ग्राहकों को अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराएगा। उन्होंने डिजिटल बैंकिंग अपनाने पर भी जोर दिया।

संजय श्रीवास्तव ने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया ग्राहक सेवा, विश्वास और नवाचार को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।

वहीं विकास रंजन पटनायक ने बताया कि नए परिसर में बेहतर बैठने की व्यवस्था, डिजिटल बैंकिंग सुविधाएं, सुगम पहुंच और उन्नत ग्राहक सेवा उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शाखा प्रबंधक रवि कुमार ने किया।

एमसीयू में तनाव प्रबंधन एवं डिजिटल वेलबीइंग पर कार्यशाला आयोजित

नप्र, भोपालः माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में मंगलवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सहयोग से 'स्ट्रेस मैनेजमेंट, डिजिटल वेलबीइंग, डी-एडिक्शन और वैल्यू बेस्ड एजुकेशन' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। नालंदा पुस्तकालय में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता लेखक एवं इमोशनल एक्सपर्ट हितेश टुटेजा ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में व्यक्ति प्रकृति से दूर होता जा रहा है, जिससे तनाव बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले स्वयं में सकारात्मक बदलाव लाने की आवश्यकता है। एक शिक्षक के रूप में विद्यार्थियों से भावनात्मक जुड़ाव स्थापित करना जरूरी है। प्रत्येक कार्य को प्रसन्नता और सकारात्मक सोच के साथ करने से मानसिक संतुलन बेहतर बना रहता है। उन्होंने आत्मचिंतन और स्वयं को पहचानने पर भी जोर दिया।

कार्यक्रम के दौरान हेमा दीदी ने प्रतिभागियों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया। इस अवसर पर ममता दीदी एवं नारायण जी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. डॉ. पी. शशिकला, वित्त नियंत्रक राजेश सिंह सहित अनेक अधिकारी एवं शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन जनसंचार विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. संजय द्विवेदी ने किया, जबकि संचालन मीडिया प्रबंधन विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. अविनाश वाजपेई ने किया।

नेकेड एंड अफ्रेड : आदिमानव के विजेता बने लहू उघड़े

मुंबई। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के एडवेंचर रियलिटी शो 'नेकेड एंड अफ्रेड : आदिमानव' के भारतीय संस्करण के विजेता लहू उघड़े बने हैं। फिलीपींस के चुनौतीपूर्ण पलावन जंगल में आयोजित इस शो में छह प्रतिभागियों ने सीमित संसाधनों के बीच जीवित रहने की कठिन परीक्षा दी। पुणे निवासी और माउंट एवरेस्ट विजेता लहू ने अपने पर्वतारोहण व जंगल में रहने के अनुभव का सफल उपयोग करते हुए सभी चुनौतियां पार कीं। उन्होंने शांत निर्णय, सूझबूझ और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। लहू ने कहा कि यह अनुभव उनके जीवन की सबसे कठिन और यादगार परीक्षा रही, जिसने उन्हें जीवनभर काम आने वाले महत्वपूर्ण सबक सिखाए।

पश्चिम मध्य रेल

खुली निविदा

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (फ्रेट एंड ईएनएचएम), मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक), कार्यालय पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक व दिनांक:** JBP-M-Tender-21-2026, दिनांक: 25/06/2026 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** फ्रेट यार्ड सतना में यार्ड मरम्मत के विभिन्न कार्यों की आउटसोर्सिंग। **कार्य का विज्ञापित मूल्य:** ₹ 29129998.72/- **बयाना राशि:** ₹ 582600.00/- **समापन की अवधि:** 24 माह **निविदा क्लोजिंग तिथि एवं समय:** 20.07.2026, 15.00 बजे। उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

(हस्ता.)

मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक), प.म.रे., जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

न्यायालय, पीठासीन अधिकारी श्रम न्यायालय क्रमांक 02 भोपाल (म.प्र.)

प्र.क्र. 13/2024 एम.पी.आई.आर. विविध

ओमवीर शर्मा आ. श्री सियाराम शर्मा **बनाम** 1. लीलासन्स ब्रेवरीज लिमिटेड द्वारा-प्रबन्धक /अध्यक्ष, औद्योगिक क्षेत्र गोविन्दपुरा भोपाल म.प्र., 2. मोहन लीला आ. श्री बाबूराम लीला डायरेक्टर लीलासन्स ब्रेवरीज लिमिटेड पता-मकान नं.64 मालवीय नगर न्यू मार्केट के पास भोपाल म.प्र.। **एतद द्वारा** अनावेदक पक्षकारगण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण क्रमांक प्र.क्र. 13/2024 एम.पी.आई.आर. विविध तहत प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में आपकी उपस्थिति जवाब प्रस्तुति के लिये दिनांक 24.07.2026 नियत है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि प्रकरण में नियत आगामी दिनांक 24.07.2026 को श्रम न्यायालय क्रमांक 02, शाहंजानाबाद भोपाल में उपस्थित होवे और जवाब प्रस्तुत करे। यदि आप नियत दिनांक को उपस्थित नहीं होते है तो प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि पेशी दिनांक को कारणवश अवकाश घोषित होता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस से की जावेगी। आज दिनांक 29.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

संजना सरल
पीठासीन अधिकारी श्रम न्यायालय क्रमांक 02 भोपाल (म.प्र.)

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल

प्रगति भवन प्रेस कॉम्प्लेक्स जोन-1
महाराणा प्रताप नगर भोपाल
प्रॉपर्टी आई.डी. नं.- 5500010068 आवेदन क्रमांक- 12393
आवेदन दिनांक - 18/06/2026

क्रमांक 2075/राजस्व/भोविप्रा/2026 भोपाल, दिनांक :- 30-06-2026

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की कस्तूरबा नगर योजना स्थित भूखंड क्रमांक 68 सेक्टर-ए, श्री अरविन्द सदाशिव कुलकर्णी आत्मज श्री सदाशिव एवं श्रीमती अंजली कुलकर्णी पत्नी श्री अरविन्द सदाशिव कुलकर्णी के संयुक्त नाम पर आवंटित/अंकित है। संयुक्त आवंटियों में से श्री अरविन्द सदाशिव कुलकर्णी का स्वर्गवास दिनांक 10/05/2026 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती अंजली कुलकर्णी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र, नोटराईड वसीयत, शपथ-पत्र एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र के आधार पर उक्त भूखंड का नामान्तरण अपने नाम पर चाहा गया है।

उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/ दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा / आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

सिविल न्यायालय बैरसिया जिला भोपाल

प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, बैरसिया भोपाल
परिशिष्ट B संख्यांक 13

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

आरसीएस ए/187/2025
शिवसागरानंद बनाम श्री गुरु मंदिर अर्हत स्वरूप ज्ञान आश्रम ट्रस्ट
Next Date : 17-08-2026

प्रेषिती–
सर्वसाधारण,
पता – सर्वसाधारण

यह कि प्रार्थी शिवसागरानंद ने आपके विरूद्ध आरसीएस ए/187/2025 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो बाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 25-06-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश
श्रीमती विभा आर्य
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड

टिप्पणी :
यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

सूडोकु नवताल- 7828

सरल

		2				1		
				2	5	7	3	
	9	4		6	7			2
	5		4		3			9
	8			9			7	
1			6		8		2	
6			7	4		9	5	
	4	5	8	3				
		8				6		

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -7827 का हल

9	1	6	2	3	7	4	5	8
8	2	3	4	5	9	1	7	6
4	5	7	1	6	8	3	9	2
5	6	8	7	1	2	9	3	4
1	7	4	9	8	3	2	6	5
2	3	9	5	4	6	8	1	7
7	4	1	8	9	5	6	2	3
3	8	5	6	2	1	7	4	9
6	9	2	3	7	4	5	8	1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

काकुरो पहेली - 7501



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 7500 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8898



बाएँ से दाएँ

1. रोशनी-3
4. आशा, उम्मीद-2
5. एक प्रकार की बंगाली मिठाई-2,3
7. भ्रमण, घूमना-3
9. फिजूल, व्यर्थ ही-3
11. गुनाह, जुर्म-4
12. स्नान करवाना-4
14. डग, पांव, पैर-3
16. मक्खन (अंग्रेजी-3)
18. रावण, दशानन-5
19. टेलीफोन, दूरभाष-2
20. असली, शुद्ध-3

ऊपर से नीचे

1. वार, घात-3
2. आश्रय, पनाह-3
3. पायल की आवाज-4
4. दर्पण, शीशा-3
6. चिपकू, जलौका-2
8. स्वयं की पसंद का, रुचिकर-2,3
10. हकलाना, अटक-अटक कर बोलना-5
13. पशु, जन्तु-4
14. मजार, मकबरा-2
15. कामदेव-3
16. बारिश, बरसात-3
17. धनवान, संपन्न-3

शब्द पहेली -8897 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7340



ऊपर से नीचेः-

१. सुनील, सुष्मिता, नम्रता की 'दोस्ती हो गई रे' गीत वाली फिल्म-३
२. 'बोल गोरी बोल' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
३. फिल्म 'बाबुल' में दिलीपकुमार के साथ नायिका कौन थी-३
४. 'यारा ओ यारा इश्क ने मारा' गीत वाली अमिताभ, मौसमी की फिल्म-३
५. धर्मेन्द्र, जीनत अमान की 'हम बेवफा हरगिज न थे' गीत वाली फिल्म-४
८. फिल्म 'शारदा' में राज कपूर के साथ नायिका कौन थी ?-२
१०. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की फिल्म-३
११. 'खोया है तूने जो' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
१३. 'चिनाई चुन चुन' गीत वाली फिल्म-३
१४. फरदीन खान, उर्मिला की फिल्म-३
१५. वसंत चौधरी, मोतीलाल, साधना की 'ओ सजना बरखा बहार' गीत वाली फिल्म-३
१६. संजयदत्त, नम्रता शिरोडकर की 'मेरी दुनिया है' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'जीने की तमन्ना हो' गीत वाली फिल्म-३
२०. वी. शांताराम की 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'नाजुक सी कली थी' गीत वाली अजय, मनीषा, करिशमा की फिल्म-४
२३. 'दिल जंगली कबूतर' गीतवाली फिल्म-३
२४. नवीन निश्चल, आशा की फिल्म-३
२७. फिल्म 'क्रोध' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी-२

बायें से दायें:-

१. 'तुम्हें और क्या' गीत वाली राजेंद्र कुमार, सायरा की फिल्म-२,३,१,२
६. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मैं ने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
७. 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली अजय देवगन, अभिषेक बच्चन, बिपाशा बसु की फिल्म-३
९. संजयदत्त, विवेक मुशरान, मनीषा कोइराला की 'आँखों में नींदें ना' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'मार ओडारी नी कुकिए' गीत वाली मनोज बाजवेयी, उर्मिला की फिल्म-३
१५. अजय देवगन, अमीषा की 'जो पल्लू गिरा दिया' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'मैं निकला गड्डी लेके' गीत वाली सनी देओल, अमीषा पटेल की फिल्म-३
१८. मनोजकुमार, आशा की 'लो आ गई उनकी' गीत वाली फिल्म-१,३
२१. 'कमसिन कली हूँ' गीत वाली नाना पाटेकर, पुरू राजकुमार, अनुपमा वर्मा की फिल्म-२
२५. 'पाप दी ग्रेट' में किशनकुमार के साथ नायिका कौन थी ?-३
२६. 'छोड़ दे जवानी में' गीत वाली राजेश खन्ना, राखी की फिल्म-४
२७. कमल सदाना, दिव्या की 'दिल चीर के देख' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'एक लड़की दिल से गई' गीत वाली शरदकुमार, नंदा की फिल्म-२,२

फिल्म वर्ग पहेली- 7339

ह	म	तु	म		बं	दि	श		जं
स्ती		म	ह्म	रा	जा		रा	जा	जी
	दी		न		र		बी		र
दी	वा	ना		जी	न	त		क	
	र		अं	त		ला	वा	रि	स
आ		दा	दा		जो	श		श्मा	
क्रो	ध		ज	मी	र		अ		इं
श		आ		रा		ज	मा	न	त
	म	ह	ल		जीं		न		का
दो	स्त		श्च		स	पू	त		म

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग- 7434

		7	1			5
3	29	6	37	2	31	1
	2		7	5		
5	30		30		31	6
		5	4		3	
2	33	4	31	3	30	7
6			5	7		

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7433 का हल

7	5	1	3	6	4	2
6	35	6	30	1	32	7
4	1	5	6	2	7	3
1	26	2	34	4	31	5
2	4	7	5	3	6	1
3	29	4	40	5	34	6
5	1	3	6	7	2	4

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8454

या	ज	गा	रा	ग	ब	ज	क	प	ल	क
दें	वा	ज	ज	या	उ	ड़ि	या	स	ज	ड़
बं	ह	या	स्था	र्म	छ	स	या	न	य	म
क	गा	ल	नी	दे	हिं	दी	ता	ल	ल	क
ती	इ	ली	म	सं	व	ल	श	या	ला	ल
आ	ता	म	ई	र	ब	क	ल	लो	श	ज
सा	बा	चे	रा	ई	क	म	री	ग	प	न
मी	र	मी	प	थी	ज	ना	र्द	न	प	त
क	ज	ल	ज	न	व	री	ऐ	ज	प	मि
क	प	ल	प	द	या	स	मा	ब	प	ल
का	श्तो	चे	न्न	ई	गु	ज	रा	ती	प	ग

शब्द जाल में उन 10 भाषाओं के नाम ढूंढिए जो भारत में बोली जाती हैं. नाम उपर से नीचे, एवं तिरछे भी हैं.

राजस्थानी, मराठी, गुजराती, तमिल, हिंदी, पश्तो, बंगाली, उड़िया, आसामी, मलयालम.

शब्दजाल - 8453 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore